आज़ादी का अमृत महोत्सव

NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, दिनांक: 16 जुलाई 2022

भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के कार्यबल को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण सिमुलेटर मिलेंगे

नेशनल हाई स्पीड रेल कार्पोरेशन लिमिटेड ने वडोदरा, गुजरात में एचएसआर प्रशिक्षण संस्थान मुंबई अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर (एमएएचएसआर) में प्रशिक्षण उद्देश्य के लिए उपयोग किए जाने वाले एचएसआर ट्रेन (जिसे बुलेट ट्रेन के नाम से जाना जाता है) के प्रशिक्षण सिमुलेटरों के डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति और कमीशनिंग के लिए 'स्वीकृति पत्र' जारी किया। वहाँ एक सैम्पल ट्रैक पहले से ही प्रशिक्षण उद्देश्य के लिए स्थापित किया गया है।

प्रशिक्षण सिमुलेटर ड्राइवरों, कंडक्टरों, प्रशिक्षकों और ट्रेन/रोलिंग स्टॉक रखरखाव कर्मचारियों को हाई स्पीड ट्रेनों के ड्राइविंग सिद्धांत को समझने में मदद करेंगे। सिंगल ड्राइवर, सिंगल कंडक्टर के साथ-साथ ड्राइवर, कंडक्टर और डिस्पैचर के सामूहिक प्रशिक्षण के लिए एक साथ प्रशिक्षण आयोजित करना संभव होगा।

इस पैकेज (एमएएचएसआर-टीआई-4) के दायरे में वडोदरा के प्रशिक्षण संस्थान में निम्नलिखित दो प्रकार के सिमुलेटर स्थापित किए जाएंगे:

1. चालक दल के प्रशिक्षण के लिए ट्रेन सेट सिम्युलेटर: 1 (एक) सेट
2. ड्राइवर कंसोल के लिए सिमुलेटर (कक्षा प्रकार): 10 (दस) प्रशिक्षु+1(एक) प्रशिक्षक कंसोल

एमएएचएसआर ट्रेन के ड्राइविंग कंसोल को मोशन प्लेटफॉर्म के साथ सिम्युलेट किया जाएगा।

यह पैकेज **मैसर्स मित्सुबिशी प्रेसिजन कंपनी, लिमिटेड, जापान** को 201.21 करोड़ रुपये की लागत से प्रदान किया गया है। सिम्युलेटर की आपूर्ति के लिए समय अवधि अनुबंध के शुरू होने से 28 महीने है।

संलग्न:

फोटो 1: क्रू ट्रेनिंग के लिए ट्रेन सेट सिम्युलेटर



फोटो 2: ड्राइवर कंसोल के लिए सिमुलेटर (कक्षा प्रकार)